संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली- 110069

फा. सं. डी-29012/10/2016-सामा.IV

दिनांक: 13.10.2016

सेवा में,

मेसर्स..........................................
..........................................
..........................................

विषय: विस्तृत आवेदन पत्रों (डीएएफ) तथा दस्तावेज़ों के मुद्रण के लिए निविदा आमंत्रण नोटिस।

महोदय,

विस्तृत आवेदन पत्रों तथा दस्तावेज़ों के मुद्रण (अनुबंध-क) इस क्षेत्र में संलग्न प्रतिष्ठित फर्मों से बोलियां आमंत्रित की जाती है । इस निविदा की अनुमानित लागत 1,93,000 (एक लाख तिरानवे हजार रूपए केवल) है ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय | : | 19.10.2016, 3.00 बजे अपराहन |
| निविदा खोलने की तारीख तथा समय | : | 19.10.2016 को 3.30 बजे अपराहन |
| निविदा जमा करने का स्थान | : | इस कार्यालय के स्वागत कक्ष के गेट 'सी' पर रखे निविदा बाक्स में |
| निविदा खोलने का स्थान | : | कमरा सं. 208 ए, आयोग सचिवालय भवन, सं.लो.से.आ. |

2. **<u>बोली को प्रस्तुत करना</u>:** बोलियों को निर्धारित प्रपत्र में पूरा कर अधोहस्ताक्षरी के नाम से पंजीकृत डाक द्वारा या उपर्युक्त पैरा-1 में निर्दिष्ट स्थान पर प्रस्तुत कर सकते हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

2.1 निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर विधिवत मोटे अक्षरों में '19.10.2016 को 3.30 बजे अपराहन खोली जानी वाली विस्तृत आवेदन पत्र तथा दस्तावेज़ों के मुद्रण के लिए बोली' तथा अधोहस्ताक्षरी (नाम से) संबोधित करते हुए

पंजीकृत डाक से भेजें ताकि यह 19.10.2016 को 3.00 बजे अपराहन तक पहुंच जाए या स्वागत कक्ष के गेट 'सी' धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069 को 19.10.2016 को 3.00 बजे अपराहन तक निविदा बाक्स में जमा कर सकते है, सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित दस्तावेज़ शामिल होने चाहिए :-

(क) विधिवत् भरा हुआ, मुहर लगा हुआ और हस्ताक्षर किया किया गया निविदा फार्म (प्रत्येक पृष्ठ पर) अर्थात् इस निविदा नोटिस का अनुबंध-ख बिना हस्ताक्षर किए हुए अथवा बिना मुहर लगे निविदा फार्म की प्रस्तुति के मामले में बोली को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा ।

(ख) इस निविदा नोटिस की अपेक्षाओं के अनुसार निर्धारित प्रपत्र में ई एम डी जमा करनी होगी । ई एम डी विहित किए गए प्रारूप के अलावा अन्य प्रारूप में जमा धरोहर राशि को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसी बोली ( बोलियों) को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा ।

(ग) फर्म के पत्र शीर्ष पर निविदा नोटिस के अनुबंध-ग के अनुसार फर्म का विवरण ।

(घ) नवीनतम आयकर विवरणी की स्व-प्रमाणित प्रति (अधिमानत: कर निर्धारण वर्ष 2015-16) ।

(ङ) टी आई एन / बिक्री कर पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति ।

(च) निविदा नोटिस में अपेक्षित अन्य दस्तावेज़ ।

2.2 बोली बोलियों के खुलने के दिन से छ: महीने की अवधि की स्वीकार्यता के लिए वैध रहेगी । कम वैधता अवधि वाली बोलियों को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा ।

2.3 कार्य का स्थान और विद्युत आपूर्ति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी । फर्म को अपने कम्प्यूटर प्रणाली, प्रिंटर तथा कार्मिक साथ लाने होंगे।

3. **<u>बोली को खोलना:</u>**

3.1 बोलियां उपर्युक्त पैरा-1 में दर्शाए गए कमरे और समय पर तारीख में उन बोलीदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों जो उपस्थित होना चाहते हैं, की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदा प्रस्तुत करने के लिए विनिर्दिष्ट तारीख को अवकाश / छुट्टी पड़ने अथवा इस कार्यालय के लिए अनुवर्ती रूप से अवकाश अथवा छुट्ठी घोषित होने की स्थिति में निविदाएं इस कार्यालय के अगले कार्यदिवस को नियत समय अर्थात 3.00 बजे अपराहन तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन को खोली जाएंगी।

3.2 देरी से प्राप्त बोलियां बोलियों की प्राप्ति के लिए उपर्युक्त पैरा -1 में दर्शाए गए अनुसार विनिर्दिष्ट तारीख और समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. <u>जमा धरोहर राशि (ई एम डी) एवं कार्य निष्पादन प्रतिभूतिः</u>

4.1 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली – 110069 के पक्ष में देय स्वीकार्य रूप में किसी वाणिज्यिक बैंक आदाता डिमांड ड्राफ्ट / मियादी जमा रसीद / पे आर्डर / बैंकर चेक / बैंक गारंटी के रूप में 6,000 रू. (छह हजार रू. मात्र) की जमा धरोहर राशि बोली के साथ संलग्न की जानी चाहिए। जमा धरोहर राशि के बिना अथवा अन्य किसी रूप में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा और उन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा । जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि से परे 45 दिन के लिए वैध रहेगी।

4.2 यदि बोलिदाता अपनी निविदा की वैधता अवधि के भीतर किसी भी संबंध में अपनी निविदा को वापस लेता है या उसमें संशोधन करता है अथवा निविदा को नुकसान पहुंचाना है या उसकी प्रतिष्ठा के विरूद्ध कार्य करता है तो जमा धरोहर राशि जब्त कर लिया जाएगा।

4.3 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत जमा धरोहर राशि को संविदा अंतिम रूप दिए जाने के बाद बिना किसी ब्याज के चाहे जो कुछ हो, उन्हें लौटा दी जाएगी। सफल फर्म (फर्मों) को सचिव, सं. लो. से. आ. नई दिल्ली – 110069 के पक्ष में देय किसी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट / मियादी जमा रसीद / पे आर्डर / बैंकर चेक / बैंक गारंटी के रूप में निष्पादन प्रतिभूति के रूप में रूपये 14000 /- मात्र की राशि प्रस्तुत करनी है। निष्पादन प्रतिभूति को मुद्रण कार्य के अच्छी और संतोषजनक स्थिति में इसके विधिवत निष्पादन और पूरा करने के बाद बिना ब्याज के, जो भी हो, आपूर्तिकर्ता को लौटा दिया जाएगा।

4.4 निष्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता के सभी संविदात्मक बाध्यताओं को पूरा होने की तारीख से परे साठ दिनों के लिए वैध रहनी चाहिए।

4.5 यदि फर्म संविदा के किसी निबंधन अथवा शर्त के निष्पादन में विफल रहती है तो इसे काली सूची में डालने के अलावा निष्पादन प्रतिभूति को जब्त कर लिया जाएगा।

5. बोलीदातोओं को निविदा प्रारूप (अनुबंध - ख) के अनुसार अपनी निशर्त दरों का उल्लेख करना चाहिए। <u>काट-छांट / ओवर</u> राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्रतिहस्ताक्षर किये जाने चाहिए। <u>निविदा के प्रत्येक पृष्ट पर प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा विधिवत मुहर लगाई जानी चाहिए और हस्ताक्षर किए जाने चाहिए</u>।

6. <u>अन्य निबंधन एवं शर्ते</u>

(क) काल्पनिक और / अथवा सशर्त बोली पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

(ख) मुद्रित की जाने वाली पेपरों की मात्रा संभावित है और प्रयोक्ता की मांग के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है । मात्रा में बढ़ोत्तरी की स्थिति में, फर्म (फर्मों) को उन्हीं दरों, निबंधन एवं शर्तों पर अतिरिक्त मात्रा को मुद्रित करना अपेक्षित है । मात्रा में कमी होने की स्थिति में फर्म को यथा अनुपातिक आधार पर घटी दरों पर भुगतान किया जाएगा ।

(ग) ये दस्तावेज संघ लोक सेवा के परिसर में मुद्रित किए जाने है । इस कार्यालय को इन मदों की सुपुर्दगी के सभी व्यय का वहन केवल संबंधित फर्म द्वारा किया जाएगा ।

(घ) मालिक/फर्म को उनके प्रत्यक्ष टेलोफोन नं. (आवास के साथ-साथ कार्यालय) तथा उनके मोबाइल नम्बर पर उपलब्ध होना चाहिए ताकि उन्हें आपातस्थित में बुलाया जा सके । मोबाइल नम्बर भी दी जानी चाहिए।

7. **बोलियों का मूल्यांकन**

(क) मूल्यांकन समिति द्वारा बोलियों का मूल्यांकन किया जाएगा ।

(ख) वैट/बिक्री कर में दर, यदि कोई हो, को मूल्य अनुसूची में अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए । अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत दर में बिक्री कर/वैट/सरकारी लेवियां शामिल हैं और दरों में वृद्धि के लिए आगे किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(ग) वैट में शामिल की गई दर और वैट में शामिल न की गई दर में अंतर की स्थिति में वैट में शामिल की गई दरों पर ही वित्तीय मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा । इस मामले में संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।

8. **<u>निर्धारित क्षति:</u>** सामान्य परिस्थितियों में विस्तृत आवेदन पत्र और दस्तावेजों का मुद्रण आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात 28.10.2016 तक अथवा आपूर्ति आदेश में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार किया जाना है ।

9. **<u>जोखिम खरीद खंड:</u>** यदि बोली प्रस्तुत करने और उसकी स्वीकृति के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद आपूर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेजों के निबंधन एवं शर्तों से बंधे रहने में विफल रहता है

तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि/निष्पादन प्रतिभूति, यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा जमा की गई है, को जब्त करने का अधिकार होगा।

10**.** **<u>आयकर:</u>** यथा लागू आपूर्तिकर्ता के बिल से स्रोत पर वसूली योग्य ।

11. प्रस्तुत किए गए बिलों तथा उन पर परीक्षा शाखा द्वारा कार्य के संतोषजनक निष्पादन संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने पर भुगतान किया जाएगा ।

**12.** सचिव, संघ लोक आयोग के पास बिना कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकर या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है । इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम होगा और फर्म पर बाध्यकारी होगा ।

13. प्रत्येक बोलाकर्ता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन एवं शर्तें स्वीकार्य हैं ।

(आर.के. दीक्षित)<br>
अवर सचिव(सामान्य-IV)<br>
दूरभाष सं. 23388418

**<u>अनुबंध - क</u>**

<u>कार्यक्षेत्र</u>

| क्रम. सं. | सामान/सेवाओं की विनिर्दिष्टियां | मुद्रित किए जाने वाले पेपर |
|---|---|---|
| 1. | एजेंसी को संघ लोक सेवा आयोग के परिसर में अधिष्ठापित की जानी वाली हैवी ड्यूटी लेजर प्रिंटरों पर मुद्रण कार्य करना होगा। मुद्रण कार्य ए 4 पेपरों पर श्वेत श्याम शैली में दोनों ओर करना होगा। मुद्रण के आंकड़े आपसी सहमति के फार्मेट में सं. लो. से. आ. द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। एजेंसी को प्रत्येक दिन लगभग 30,000 पृष्ठ मुद्रित करने होंगे। मुद्रण कार्य अनुक्रमांक-वार किया जाएगा और एक विशेष अनुक्रमांक से संबंधित पृष्ठों को एजेंसी द्वारा एक साथ स्टैपल करना होगा और अनुक्रमांक- वार निष्पादित स्टैपल सामग्री सं. लो. से. आ. की परीक्षा शाखा को सुपुर्द कर दी जाएगी। कागजात तथा स्टैपलर पिन सं. लो. से. आ. द्वारा उपलब्ध कराए जांएगे। | 3.00 लाख (लगभग)<br><br>कृपया निविदा आमंत्रण सूचना के खंड-(ख) का संदर्भ लें । |

**<u>अनुबंध-ख</u>**

निविदा प्रपत्र

<u>विस्तृत आवेदन पत्र तथा दस्तावेजों के मुद्रण हेतु निविदा</u>

दिनांक :

सेवा में,

श्री आर. के. दीक्षित
अवर सचिव (सामा.IV)
संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069

सन्दर्भ: दिनांक ......................... का आपका निविदा नोटिस सं...............................

हम अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा नोटिस दस्तावेज की जांच की है और हम आपके कार्यालय की अपेक्षा को समझने के बाद आपके मांग आदेश के अनुसार विनिर्दिष्टियों तथा दर के समनुरूप अपेक्षित विस्तृत आवेदन पत्रों एवं दस्तावेज़ों के मुद्रण का प्रस्ताव करते हैं:-

**<u>मूल्य अनुसूची</u>**

| क्रम सं. | सेवा तथा इनकी विनिर्दिष्टियां | मुद्रित मात्रा इकाई में | दर रू. में प्रति तरफ | वैट / बिक्री कर का प्रतिशत | निवल लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लेजर प्रिंटिंग ब्लैक कलर ए 4 साइज पेपर (दोनों तरफ) अनुक्रमांक पर प्रिंट आउट कोलेट करते हुए। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पेपर स्टेपलर/पिन मुहैया कराई जाएंगी । | 3.00लाख लगभग | | | |

*मुद्रित की जाने वाली पेपरों की मात्रा संभावित है और प्रयोक्ता की मांग के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है । मात्रा में बढ़ोत्तरी की स्थिति में, फर्म (फर्मों) को उन्हीं दरों, निबंधन एवं शर्तों पर अतिरिक्त मात्रा को मुद्रित करना अपेक्षित है । मात्रा में कमी होने की स्थिति में फर्म को यथा अनुपातिक आधार पर घटी दरों पर भुगतान किया जाएगा ।

2. जमा धरोहर राशि के रूप में .................................. (बैंक और शाखा का नाम ) पर देय ............................................. रू. (...............................................रू.) की राशि का दिनांक................................का डिमांड ड्राफ्ट/ मियादी जमा रसीद/ पे आर्डर डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर चेक बैंक गारंटी सं. ................................. एतदद्वारा प्रस्तुत किया जाता है जो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय है।

3. हम उपर्युक्त निविदा नोटिस में यथा अपेक्षित हमारी फर्म के संबंध में निम्नलिखित दस्तावेज़ / कागजात भी एतदद्वारा प्रस्तुत करते है :-

(क) हमारी फर्म के पत्र शीर्ष पर विहित प्रपत्र अर्थात् निविदा नोटिस के अनुबंध-ग में हमारी फर्म का ब्यौरा ।

(ख) वित्तीय वर्ष............................ (वर्ष दर्शाए जाएं) के लिए अद्यतन आयकर विवरणी की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(ग) बिक्री कर / वैट पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(घ) फर्म / मालिक (मालिकों) के पैन की स्व-अनुप्रमाणित प्रति ।

(ङ) निविदा में यथा- अपेक्षित अन्य दस्तावेज़ ।

4. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा नोटिस के अनुसार अपनी बोली में उल्लिखित किए गए अनुसार सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं ।

5. हम आगे यह पुष्टि करते है कि यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम निविदा जांच की शर्तों में स्वीकार्य रूप से अपेक्षित राशि की एक निष्पादन प्रतिभूति आपको प्रदान करेंगे।

6. हम हमारी बोली को निविदा खोलने से चार माह की अवधि की स्वीकृति के लिए वैध रहने पर सहमत है । तदनुसार हम उपर्युक्त अवधि तक इस बोली से बंधे रहने की भी पुष्टि करते हैं।

और यह बोली की समाप्ति से पहले किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है । हम आगे इस बात की पुष्टि करते है कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के सपठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेंगी ।

7. हम आगे यह समझाते है कि आप निम्नतम या कोई बाली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा पूछताछ के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है ।

8. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं।

............................................................

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

....................................................

(नाम और पदनाम)

........................................... के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

......................................

(फर्म की कार्यालय मुहर )

टिप्पणी: (क) फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस निविदा फार्म बोली के प्रत्येक पृष्ठ पर होने चाहिए ।

(ख) ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, के लिए प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रति हस्ताक्षर किए जाने चाहिए ।

<u>अनुबंध-ग</u>

**<u>विस्तृत आवेदन पत्र तथा दस्तावेजों के मुद्रण के लिए निविदा</u>**

**<u>फर्म का विवरण</u>**

**(फर्म के शीर्ष पत्र पर)**

1. फर्म का नाम : ..........................................................................
2. कार्यालय का पता :..................................................................
3. दूरभाष सं. : ............................................................................
4. फैक्स सं. : ..............................................................................
5. फर्म के निदेशक / साझेदार / मालिक का विवरण :
   (क) नाम: ..............................................................................
   (ख) आवासीय पता (पते): ..........................................................
   (ग) मोबाइल सं. :........................................................................
6. बिक्री कर पंजीकरण सं. / टी आई एन .........................................
   (पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें )
7. फर्म / मालिक का स्थायी खाता सं. :...........................................
8. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है न ही उक्त फर्म अथवा इसके मालिक / साझेदारों के विरूद्ध भारत में कहीं भी कोई आपराधिक मामला पंजीकृत / लंबित हैं ।

....................................................

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

..................................................

(नाम और पदनाम)

......................................................... के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत रूप से प्राधिकृत

..................................................

(फर्म की कार्यालय मुहर)